प्रेषक,

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी,
प्रतापगढ़।

सेवा में,

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र
प्रतापगढ़।

पत्रांक–जि0हो0चि0अ0/2022–23/ 577 दिनांक–23-1-2023

विषय– राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में स्वीकृत योग वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक/योग सहायक की तैनाती संम्बन्धी विज्ञापन अपलोड करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अनुरोध है कि मिशन निदेशक उ0प्र0 राज्य आयुष सोसाइटी लखनऊ के पत्र सं0–557(i)/301/मि0नि0/2020–21 दिनांक 20 अक्टूबर 2020 के कम में जनपद प्रतापगढ में संचालित हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर एक मुश्त आवर्ती परिश्रमिक के आधार पर अंशकालिक (13 पुरुष एवं 13 महिला) योग प्रशिक्षक/योग सहायक संबन्धी विस्तृत विज्ञापन N.I.C. की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।

(डा0 आशुतोष कुमार मिश्रा)
जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी,
प्रतापगढ़।

# कार्यालय जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी,प्रतापगढ़।

पत्रांक–आयु0मि0 / हैल्थ0वे0से0स्था0 / 2022–23 / दिनांक–

**–::विज्ञाप्ति::–**

**अन्तिम तिथिः–सामाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिन तक।**

**(अंशकालिक योग प्रशिक्षक पुरुष / महिला हेतु भर्ती)**

विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के पत्र सं0–आ0मि0–110(1) / 96–आयुष–2 दिनांक–19 अक्टूबर 2020 की संशोधित व्यवस्था तथा विशेष सचिव उ0प्र0 शासन आदेश संख्या– W-81 / 96-आयुष 2–2020–127 / 2016 उ0प्र0 राज्य आयुष सोसाइटी उ0प्र0 लखनऊ के पृष्ठांकन पत्र संख्या –557(i) / 301 / मि0नि0 / 2020–21 दिनांक 20 अक्टूबर 2020 के द्वारा योग एवं यौगिक कियाओं द्वारा उपचार को बढावा देने के लिये राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा प्रदेश में आयुष मंत्रांलय भारत सरकार द्वारा राज्य वार्षिक योजना 2021–22 में होम्योपैथिक विभाग के अन्तगर्त प्रदेश में 230 आयुष हैल्थ वेलनेस सेण्टर्स की स्थापना के कम में जनपद प्रतापगढ़ में होम्योपैथिक चिकित्सालयों में संचालित 13 हैल्थ वेलनेस सेण्टर्स में रिक्त योग प्रशिक्षक अंशकालीन (पुरुष) व योग प्रशिक्षक अंशकालीन (महिला) के पदों पर आबद्धीकरण मुख्य विकास अधिकारी महोदय प्रतापगढ़ की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से एक वर्ष की अवधि अथवा योजना की समाप्ति जो पूर्व में घटित हो होने तक के लिये आबद्धीकरण किया जाना प्रस्तावित है जिस हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

जिसकी वांछित शैक्षित योग्यता एवं अन्य अहर्ताये निम्नवत् हैः–

| क0सं0 | आवेदित पदनाम | वांछित शैक्षिक योग्यता अन्य अहर्तायें | पारिश्रमिक प्रतिमाह | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | योग प्रशिक्षक (अंशकालीन) पुरुष | **(1) योग प्रशिक्षक (अंशकालीन) पुरुष**<br><br>(ए)मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थानों से साढे पांच वर्षीय कोर्स बैचलर आफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साइन्स (बी0एन0वाई0एस0)डिग्री धारक को वरीयता दी जायेगी<br><br>अथवा<br><br>(बी)1–बी0ए0(योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक / एम0एस0सी0(योग)डिग्री धारक<br>2–अनुभव एक वर्ष<br>अथवा<br><br>(सी)1–पी0जी0डिप्लोमा(न्यूनतम एक वर्षीय पाठ्यकम)डिप्लोमा धारक<br>2– अनुभव दो वर्ष<br>अथवा<br><br>(डी)1– योग सर्टिफिकेशन बोर्ड नई दिल्ली द्वारा योग वेलनेस इन्स्ट्रक्टर प्रमाण पत्र | रु0–8000.00 | **कुल पद की सं–13**<br>1– दमदम गौरा,<br>2–सराय गनई,<br>3–भगवतगंज,<br>4–नरायन परमा का पुरवा,<br>5–डंडवा,<br>6–छीटपुर(प्रेमपट्टी),<br>7–राजापुर सदर,<br>8–नरसिंहपुर मगरौला,<br>9–जोगीपुर,<br>10–शेखूपुर गौरा,<br>11–कदमपुर बही,<br>12–रुरे आसपुर देवसरा<br>13–कटैया लक्ष्मणपुर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | धारक<br>2– अनुभव एक वर्ष<br>**नोट–** 1–हैल्थ वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक पद हेतु स्थानीय निवासी को वरियता दी जायेगी।<br>2–कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा/प्रमाण पत्र के उत्तीर्ण/प्राप्त करने के उपरान्त ही मान्य होगा। | | |
| 02 | योग प्रशिक्षक (अंशकालीन)महिला | (1)योग प्रशिक्षक (अंशकालीन)महिला<br><br>(ए)मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थानों से साढे पांच वर्षीय कोर्स बैचलर आफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साइन्स (बी0एन0वाई0एस0)डिग्री धारक को वरीयता दी जायेगी<br><br>अथवा<br><br>(बी)1–बी0ए0(योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/ एम0एस0सी0(योग)डिग्री धारक<br>2–अनुभव एक वर्ष<br>अथवा<br><br>(सी)1–पी0जी0डिप्लोमा(न्यूनतम एक वर्षीय पाठ्यकम)डिप्लोमा धारक<br>2– अनुभव दो वर्ष<br>अथवा<br><br>(डी)1– योग सर्टिफिकेशन बोर्ड नई दिल्ली द्वारा योग वेलनेस इन्स्ट्रक्टर प्रमाण पत्र धारक<br>2– अनुभव एक वर्ष<br>**नोट–** 1–हैल्थ वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक पद हेतु स्थानीय निवासी को वरियता दी जायेगी।<br>2–कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा/प्रमाण पत्र के उत्तीर्ण/प्राप्त करने के उपरान्त ही मान्य होगा। | रु0–5000.00 | **कुल पद की सं–13**<br>1– दमदम गोरा,<br>2–सराय गनई,<br>3–भगवतगंज,<br>4–नरायन परमा का पुरवा,<br>5–डंडवा,<br>6–छीटपुर(प्रेमपट्टी),<br>7–राजापुर सदर,<br>8–नरसिंहपुर मगंरौला,<br>9–जोगीपुर,<br>10–शेखूपुर गौरा,<br>11–कदमपुर बही,<br>12–रुरे आसपुर देवसरा<br>13–कटैया लक्ष्मणपुर |

**नियम/शर्ते:–**

1. यह नियुक्तियॉ न तो किसी सृजित पद के विरुद्ध होनी है और न ही यह नियमित तैनाती है।
2. योग प्रशिक्षक पुरुष को प्रतिमाह हेल्थ वेलसेन सेन्टर स्कूल व सामुदायिक स्तरों पर प्रति सत्र कम से कम 1घण्टे वाले न्यूनतम 32 योग कक्षाये आयोजित करने होगे।
3. योग प्रशिक्षक महिला को महिला समूह के लिये प्रति सत्र न्यूनतम 1घण्टे के वाले न्यूनतम 20 योग कक्षायें आयोजित करने होगे।

4. राष्ट्रीय आयुष मिशन भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी निर्देशानुसार अन्य कार्य।
5. आरक्षण–उ0प्र0 में अनुसूचित जाति /जनजाति /अन्य पिछडा वर्ग की शासन द्वारा निर्गत समय–समय पर शासनादेशों के अनुसार योग प्रशिक्षक के आबद्धीकरण में आरक्षण का अनुपालन किया जायेगा परन्तु प्रार्थना पत्र न मिलने की दशा में उपलब्ध उपयुक्त अभ्यर्थियों का आबद्धीकरण किया जायेगा।
6. योग प्रशिक्षक पुरुष/महिला (अंशकालीन) की सेवाये सन्तोषजनक न पाये जाने पर एक माह की नोटिस देकर सेवा समाप्त की जा सकेगी।
7. चयनित होने के उपरान्त 15 दिन के अन्तर्गत आबद्धीकृत हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर अनुबन्ध करते हुये कार्यभार ग्रहण करना होगा। उक्त कालावधि में कार्य आरम्भ नही करने पर आबद्धीकरण स्वतः समाप्त हो जायेगा।
8. सम्बन्धित योग प्रशिक्षक (अंशकालीन) का चरित्र सत्यापन कराया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में किसी प्रतिकूल निष्कर्ष की दशा में सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा आबद्धीकरण विना कोई कारण बताये तुरन्त रद्द कर दिया जायेगा।
9. यदि बिना विशिष्ट कारण के और बिना सूचना के अपने कार्य से एक सप्ताह से अधिक अनुपस्थित रहता है तो उसका आबद्धीकरण अनुपस्थिति की तिथि से रद्द कर दिया जायेगा।
10. कार्यकाल की अवधि–एक वर्ष के लिये अनुबन्धित किया जायेगा। योजना के निरन्तरता के अनुमोदनोपरान्त एक वर्ष के बाद दूसरे अनुबन्ध के मध्य 15 दिवस का अन्तराल अवश्य रखा जायेगा।
11. आवेदन पत्र के साथ अपना पता लिखा दो लिफाफा 23×10 सेमी0 जिस पर 30/– रुपये का डाक टिकट लगा हो अवश्य संलग्न करें। लिफाफे पर आवेदित पर का नाम अवश्य लिखें।
12. अभ्यर्थियों द्वारा अर्हता सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर निर्धारित तिथि के अन्दर केवल पंजीकृत/स्पीड पोस्ट से प्रेषित करें।
13. साक्षात्कार की तिथि स्थान एवं समय की सूचना बाद में डाक, फोन, अथवा मैसेज के माध्यम से दी जायेगी।
14. आवेदन पत्र भेजने का पता– जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकरी, जिला महिला अस्पताल पुराना भवन प्रतापगढ़ उ0प्र0 पिन 230001
15. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप पर ही मान्य होगा।
16. आवेदन पत्र का प्रारुप **pratapgarh.nic.in** से डाउनलोड करें।
17. आवेदन पत्र के उपयुक्त/अनुपयुक्त होने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय नियुक्ति प्राधिकारी को होगा।
18. साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।
19. तैनाती स्थल का निर्धारण चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

(डा0 सरोज शंकर राम)
सचिव चयन समिति/
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
प्रतापगढ़।

16.01.23
(डा0 आशुतोष कुमार मिश्रा)
जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी
प्रतापगढ़।

# आवेदन पत्र का प्रारुप

| |
|---|
| नवीन पासपोर्ट साइस फोटो (स्वहस्ताक्षरित) चस्पा करें। |

1. आवेदित पद का नाम........................................................................
2. अभ्यर्थी का नाम........................................................................
3. पिता/पति का नाम........................................................................
4. पता–स्थाई–........................................................................
   पत्र व्यवहार का पता........................................................................
   ........................................................................
5. ई–मेल आई0डी0........................................................................
6. मोबाइल नं0–........................................................................
7. व्हाटसएप मोबाइल नंम्बर–........................................................................
8. जन्मतिथि–अंकों में........................................................................
   शब्दों में........................................................................
9. आयु (आयु की गणना 31.12.2022 को 21 वर्ष से कम न हो) वर्ष......................माह.............दिन........................
10. राष्ट्रीयता........................................................................
11. जाति(उपजाति सहित/छायाप्रति संलग्न करें)........................................................................
12. शैक्षिक योग्यता का विवरण–

| क0सं0 | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | वर्ष | उत्तीर्ण वर्ष | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

13. सेवायोजन कार्यालय का नाम व पंजीकरण संख्या आदि हो........................................................................
14. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।

## –घोषणा–

1. मैं........................................................................एतद्वारा घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त प्रविष्टियां एवं संलग्नक प्रमाण पत्र मेंरी व्यक्तिगत जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। कोई भी तथ्य छुपाया नही गया है यदि कोई तथ्य असत्य पाया जाता है तो मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाये और मेरे विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाये।

दिनांक–........................................................................

स्थान–........................................................................

**आवेदक के हस्ताक्षर**